कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग, शाहजहांपुर।

पत्रांक 1409 /14–1 शाहजहांपुर दिनांक 5/11/2022।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0 प्र0 लखनऊ।

विषय :– विश्व बैंक पोषित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क परियोजना के अन्तर्गत गोला–शाहजहांपुर मार्ग (एस0एच0–93) के चौड़ीकरण हेतु लखीमपुर में 0.00 से 49.00 तक चौडीकरण हेतु 1.998 है0 आरक्षित वनभूमि एवं 47.1 है0 संरक्षित वनभूमि कुल 49.098 है0 वन भूमि तथा शाहजहांपुर में किमी0 49 से 59 तक 8.00 है0 संरक्षित वनभूमि अर्थात कुल 57.098 है0 वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस अवस्थित 6275 वृक्षो/पौधों (दक्षिण खीरी वन प्रभाग में 5458 वृक्ष एवं शाहजहांपुर वन प्रभाग में 817 वृक्ष) के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में आनलाइन प्रस्ताव संख्या FP/UP/Road/13414/2015

सन्दर्भ :– भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय का पत्रांक 8बी/यू0पी0/06/109/2016/एफ0सी0/625 दिनांक 13–10–2017 एंव आपका पत्रांक 1433/11 सी– FP/UP/Road/13414/2015 दिनांक 19–10–2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में दिये गये निर्देशानुसार विषयक प्रकरण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शाहजहॉपुर वन प्रभाग द्वारा प्रस्ताव में प्रस्तावित क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु, जो क्षेत्र चयनित किया गया था। वह क्षेत्र सुल्तानपुर क0नं0–03 दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में चिन्हित होने के कारण उक्त क्षेत्र प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागध्यक्ष उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 09/दिनांक 25–08–2017 के कम में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 01–09–2017 को प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक बफर जोन उत्तर खीरी वन प्रभाग लखीमपुर खीरी को हस्तान्तरित कर दिया गया था।

अतः सन्दर्भित पत्र के कम में प्रभाग स्तर से वांछित बिन्दु सं0–4 के कम में के0एम0एल0 फाइल का संशोधित क्षेत्रफल प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तर खीरी वन प्रभाग द्वारा वांछित अभिलेखों सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दिया गया है। वांछित सूचना निर्धारित प्रपत्र में संकलित कर तीन प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

Condition No.	Conditions	Status of Compliance
4	As per the PARIVESH Portal the area of the proposed CA land in sultanpur (Gulrahi) RF is 16.0 but accordingly to the KML file area is 101.17 ha. which does not match. The mismatching of the proposed CA Land area needs to be rectified.	प्रस्तावित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल की के0 एम0 एल0 फाइल/क्षेत्रफल को संशोधित कर वांछित अभिलेख पेन ड्राइव सहित तीन प्रतियों में संलग्न है।

संलग्नक:– उपरोक्तानुसार।

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीप प्रभाग,
शाहजहांपुर।

पत्रांक / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1–वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वन एवं वन्य जीव बरेली वृत्त, बरेली को मय संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2–अधिशासी अभियन्ता, वाहय सहायतित परियोजना खण्ड लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीप प्रभाग,
शाहजहांपुर।

E:\Surveyer\Letter\05.docx

Scanned with CamScanner